अमर उजाला 17/04/2025

मनोरंजन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव : नगेंद्र

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में इंटरएक्टिव सेशन कराया। इसमें डिजिटल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स में उभरते कॅरिअर अवसरों के बारे में बताया। इस अवसर पर ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए मुख्य कंटेंट अधिकारी नितिन गुप्ता और हरियाणा कला परिषद के निदेशक नगेंद्र शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के समय में ओटीटी माध्यमों ने मनोरंजन की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। हमारे छात्रों के लिए यह जरूरी है कि वे इन परिवर्तनों को समझें और इनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलें। संवाद